तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 छात्रवृत्ति की जटिल प्रक्रिया से विद्यार्थी और अभिभावक परेशान





शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरु, आकार लेने लगे पूजा पंडाल

9 दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। विभिन्न पूजा समितियों का गठन कर आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वहीं पूजा पंडालों के निर्माण का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरवापारा के मुख्य मार्ग पर ⏭शेष पेज 2 पर

11 अक्टूबर से शुरू होगा शारदीय नवरात्र

शक्ति आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र इस वर्ष 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। पितृपक्ष समाप्त होने के बाद नवरात्र की शुरूआत होगी। पूजा समितियों द्वारा नवरात्र को लेकर तैयारियां तेज की जा रही हैं। नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक माता दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना के साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन होंगे।



मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

शारदीय नवरात्र को देखते हुए मूर्तिकार भी मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर बाहर से आए मूर्तिकार प्रतिमाओं में रंग-रोगन एवं सजावट का कार्य कर रहे हैं। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण पूरा करने के बाद अब मूर्तिकार मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को तैयार करने में जुटे हैं। आने वाले दिनों में प्रतिमाओं को अंतिम रूप देकर पूजा समितियों को सौंपने का सिलसिला शुरू होगा।

मेगा हेल्थ कैंप का स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी ने किया शुभारंभ

जिले को जल्द मिलेगा मेंटल हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत चिरमिरी के पोड़ी स्थित मंगल भवन में बुधवार से दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय की अध्यक्षता में हुआ।

- चिरमिरी में एक छत के नीचे जुटे विशेषज्ञ डॉक्टर

30 सितंबर एवं 01 अक्टूबर को आयोजित इस शिविर में जिलेवासियों को विभिन्न गंभीर एवं सामान्य बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में 10 हजार लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं जनप्रतिनिधियों ने अटल परिसर पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद मंगल भवन में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर मेगा हेल्थ कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध जांच, उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत चिरमिरी में यह मेगा हेल्थ कैंप ⏭शेष पेज 2 पर





8 डेथ बॉडी फ्रिजर स्वास्थ्य विभाग को सौंपे

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हितग्राहियों को छड़ी, कान की मशीन, आयुष्मान कार्ड एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोषण आहार प्रदान किया। इसके साथ ही 8 डेथ बॉडी फ्रिजर एमसीबी स्वास्थ्य विभाग को सौंपे गए। मेगा हेल्थ कैंप में रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अधिक से अधिक लोग शिविर का उठाएं लाभ

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नागरिकों से मेगा हेल्थ कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को हाथ-पैर से संबंधित समस्या है, जिन्हें कम दिखाई देता है अथवा आंखों से जुड़ी कोई परेशानी है, वे शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच एवं उपचार कराएं। रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से विशेषज्ञ चिकित्सकों को यहां लाया गया है, जिससे जिलेवासियों को अपने ही क्षेत्र में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में 10 हजार लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लक्ष्य रखा गया है। हाथ-पैर से संबंधित जरूरतमंद हितग्राहियों का पंजीयन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में ही 5 लोगों ने नेत्रदान, 10 लोगों ने अंगदान तथा 3 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है। उन्होंने जिलेवासियों से भी इस मानवीय पहल से जुड़ने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लिवर, किडनी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। आवश्यकता के अनुसार देश के विभिन्न अस्पतालों में उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में जल्द ही मेंटल हॉस्पिटल भी शुरू किया जाएगा, जिसके लिए चिकित्सकों की व्यवस्था की जा चुकी है।

बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड में लगेंगे शिविर

बैकुण्ठपुर। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के तहत विकासखंड स्तर पर सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में जिले में बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के निर्धारित स्थानों पर अक्टूबर के पहले सप्ताह में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं समस्याएं लेकर पहुंच सकते हैं।

कहां और कब लगेंगे शिविर–बैकुंठपुर विकासखंड में 1 अक्टूबर 2026 को नगरीय निकाय बैकुंठपुर में, 3 अक्टूबर को निकाय पटना में तथा 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बचरा में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह सोनहत विकासखंड में 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कटगोड़ी तथा 5 अक्टूबर 2026 को ग्राम पंचायत रामगढ़ में शिविर लगाया जाएगा।

चित्रकला-पेंटिंग, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भरतपुर में प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, ज्ञान, अभिव्यक्ति क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा।

मांगों को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की कोरिया इकाई ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार 30 सितंबर को प्रेमाबाग परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलेभर से पहुंचे स्कूल सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए रैली निकाली।

रैली को ओडगी नाका पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया, जहां प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी शामिल हुए। इनमें महिला सफाई कर्मचारियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए शासन से शीघ्र निराकरण की मांग की।

ओड़गी नाका पर पुलिस बल रहा तैनात

रैली के मद्देनजर ओडगी नाका पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों के पहुंचने से पहले मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही रोकी गई थी। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के पास प्रदर्शनकारियों को रोककर ज्ञापन सौंपने की व्यवस्था की गई। ज्ञापन सौंपने के बाद बैरिकेड्स हटा दिए गए और मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित होने लगा।

कलेक्टर ने लिया देहदान का संकल्प

मेगा हेल्थ कैंप में कलेक्टर के देहदान संकल्प की जानकारी सामने आने के बाद चिकित्सकों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और उपस्थित नागरिकों ने इसकी सराहना की।

लोगों ने कहा कि जिले के प्रशासनिक प्रमुख द्वारा स्वयं आगे बढ़कर देहदान का संकल्प लेना समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देता है। विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में अंगदान एवं देहदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए इस तरह की पहल जागरूकता का प्रभावी माध्यम बन



सकती है। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे अंगदान एवं देहदान के महत्व को समझें और इससे जुड़ी सही जानकारी समाज तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति की शिक्षा, चिकित्सा और जीवन बचाने की प्रक्रिया में योगदान देना सेवा की भावना का महत्वपूर्ण उदाहरण हो सकता है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

15 वर्षों बाद कोरिया कालरी को मिली स्वास्थ्य सुविधाएं

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ शुभारंभ



कोरिया कालरी। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल ने बुधवार को कोरिया कालरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को अब प्राथमिक उपचार के लिए 10 से 12 किलोमीटर दूर जाने की परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमसीबी कलेक्टर संतनदेवी जांगड़े, डीएफओ एमसीबी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गौरतलब है कि एसईसीएल की खदानें बंद होने के साथ ही कोरिया कालरी क्षेत्र में उपलब्ध कई मूलभूत सुविधाएं धीरे-धीरे बंद होती चली गईं। इसी क्रम में कोरिया कालरी का अस्पताल भी करीब 15 वर्षों से बंद पड़ा था। अस्पताल बंद होने के कारण स्थानीय लोगों को सामान्य बीमारी अथवा प्राथमिक उपचार के लिए भी चिरमिरी सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ता था। स्थानीय नागरिक लंबे समय से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग करते आ रहे थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ के बाद अब लोगों को अपने ही क्षेत्र में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। लंबे इंतजार के बाद स्वास्थ्य सुविधा शुरू होने से कोरिया कालरी क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



कोरिया में मिलेगी हाईटेक वेंटीलेटरयुक्त एंबुलेंस



बैकुण्ठपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोरिया की समीक्षा बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में राज्य चेयरमेन तोमन साहू की अध्यक्षता तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्रीमती रोक्तिमा यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव डॉ बलवंत सिंह, भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा कोरिया की वाइस चेयर मेन श्रीमती गीता राजवाड़े, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, राज्य प्रतिनिधि कमलेश शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में रेडक्रॉस की विभिन्न सेवा गतिविधियों की समीक्षा करते हुए राज्य चेयरमैन तोमन साहू ने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का मूल आधार मानवीय सेवा, सहयोग एवं संवेदना है। उन्होंने समीक्षा बैठक में जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस को मजबूत करने, सदस्यता अभियान बढ़ाने, रक्तदान एवं अंगदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा सिकल सेल, टीबी एवं एड्स नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय पर ⏭शेष पेज 2 पर

- राज्य चेयरमैन तोमन ने ली रेडक्रास की समीक्षा बैठक



सेवा दान महाअभियान समेत कई कार्यक्रम

आज मिनी स्टेडियम में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत 1 अक्टूबर को बैकुण्ठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में विभिन्न सेवा, स्वास्थ्य, जागरूकता और जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ सेवा दान महाअभियान और वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी। आइए, किसी चेहरे की मुस्कान का हिस्सा बनें की भावना के साथ जिले में सेवा दान महाअभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान में नागरिकों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों और विभिन्न प्रतिनिधियों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। सरपंच संघ सहित विभिन्न प्रतिनिधियों ने दान सामग्री उपलब्ध कराकर अभियान में सहभागिता की है। इसी क्रम में ब्राह्मण समाज के संरक्षक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जय नाथ बाजपेई की ओर से वंचित बच्चों के सहयोग के लिए खिलौने प्रदान



किए गए। वहीं ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष श्री बृज नारायण मिश्रा ने भी बच्चों के लिए खिलौने दान कर अभियान में सहभागिता की। अभियान के तहत घर में अनुपयोगी, लेकिन उपयोगी स्थिति में उपलब्ध कपड़े, किताबें, कॉपियां, खिलौने, शैक्षणिक एवं खेल सामग्री सहित अन्य वस्तुएं दान की जा सकती हैं। नागरिक क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीयन कर दान की जाने वाली सामग्री की जानकारी दर्ज करा सकते हैं। 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रामानुज मिनी स्टेडियम में विशेष सेवा दान आयोजन होगा। नागरिक इस अवसर पर अपने घर की उपयोगी सामग्री लेकर पहुंच सकते हैं।

वृद्धजन दिवस पर सम्मान के साथ स्वास्थ्य जांच

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, वित्तीय संरक्षण संबंधी कार्यशाला तथा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 से संबंधित जानकारी दी जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुकूल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसी अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के साथ बीमारियों की समय पर पहचान, रोकथाम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में बनेगी 7676 फीट की रंगोली

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम पर जिला स्तरीय विशाल रंगोली का निर्माण 7 अक्टूबर 2026 को मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में किया जाएगा। लगभग 7676 फीट आकार की इस रंगोली के माध्यम से सेवा, राष्ट्रभाव और सामूहिक सहभागिता का संदेश प्रस्तुत किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रंगोली का प्रारूप 6 अक्टूबर की शाम तक आर्टिस्ट द्वारा तैयार किया जाएगा। इसके बाद 7 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से विद्यार्थी एवं वॉलंटियर्स रंगोली को पूर्ण स्वरूप प्रदान करेंगे। रंगोली का निर्माण सेवा ज्योति यात्रा के समापन स्थल पर किए जाने के निर्देश हैं। इस सामूहिक आयोजन में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य चयनित विद्यार्थी सहभागी होंगे। इसके साथ ही एसएसजी एवं स्थानीय कलाकारों की भी सहभागिता रहेगी। आयोजन में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से सेवा और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक संदेश को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। रंगोली निर्माण के लिए स्थानीय प्राकृतिक उत्पादों, रंगोली, अनाज, फल एवं फूलों का उपयोग किया जाएगा। आयोजन में सहयोगी विभाग के रूप में स्कूल शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग तथा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की सहभागिता रहेगी। रंगोली निर्माण में भाग लेने वाले विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं वॉलंटियर्स को ऑनलाइन ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं और आमजन को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए सेवा, सहभागिता और राष्ट्रभाव की भावना को प्रोत्साहित करना है।

पृष्ठ 1 का शेष

शारदीय नवरात्र को...

पूजा पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। आगामी दिनों में यहां आकर्षक एवं भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। नवरात्र के दौरान पूजा समितियों द्वारा माता दुर्गा के लिए आकर्षक पंडाल तैयार किए जाते हैं। इसके लिए बाहर से आने वाले कलाकारों द्वारा अलग-अलग थीम पर भव्य पंडालों का निर्माण किया जाता है। पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सजावट भी की जाती है, जिससे रात के समय माता का दरबार रोशनी से जगमगा उठता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, जबकि बैकुण्ठपुर शहर में अभी पूजा पंडालों के निर्माण की शुरूआत नहीं हुई है। आगामी दिनों में शहर के विभिन्न स्थानों पर भी निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

कलेक्टर ने लिया...

आयोजित किया गया है। शिविर में बालको कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध हैं। जरूरतमंद हितग्राहियों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने की दिशा में पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं स्वास्थ्य जांच कराने के साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी शिविर की जानकारी दें। उन्होंने नागरिकों से अंगदान के प्रति जागरूक होकर अंगदान का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

कोरिया में मिलेगा...

जोर दिया। इस दौरान राज्य चेयरमैन तोमन साहू ने राज्य शाखा से कोरिया जिला को अत्याधुनिक वेंटीलेटर युक्त एंबुलेंस प्रदान करने की घोषणा भी की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. बलवंत सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन, शिविरों में रक्तदान के साथ शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन एवं सिकल सेल की निःशुल्क जांच भी की जा रही है। शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। बैठक में रेडक्रास दल के द्वारा 15 अगस्त और 26 जनवरी की परेड में भाग लेना, रेडक्रॉस जिला कार्यालय के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर या अन्य सुविधा के अनुसार कलेक्टर से चर्चा कर स्थल का चयन एवं कर्मचारी की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी गई है, साथ ही भविष्य में ब्लड स्टोरेज सेंटर की स्थापना, अंगदान हेतु जिला स्तरीय समिति के गठन तथा युवाओं को युवोदय रेडक्रॉस मितान योजना से जोड़ने सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से बालाराम साहू, वाइस चेयरमेन, गिरीश कुर्रे, केशव साहू, आर्यन सिन्हा, अमन गुप्ता, यूगल किशोर एवं डीपीएम अशरफ अंसारी, सीएस डॉ आयुष जायसवाल, जिला प्रबंध समिति के सदस्य गण सीए प्रशांत गुप्ता, शैलेश शिवहरे, बसंत रॉय, शैलेंद्र शर्मा , हिमांशु अवस्थी, कमलेश गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, आशीष बड़ेरिया, डॉ. गौरवकांत बड़ेरिया, रवि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

साइबर ठगी से बचने ग्रामीणों को दिए सुरक्षा के टिप्स

बैकुण्ठपुर। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत बुधवार को ग्राम ओड़गी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने चौपाल में ग्रामीणों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध के मामले भी सामने आ रहे हैं। साइबर ठग लोगों को लालच, डर और जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए मजबूर कर ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम पिन, यूपीआई पिन और मोबाइल पर



प्राप्त ओटीपी साझा नहीं करने की अपील की। एसपी ने कहा कि व्हाट्सएप, एसएमएस या अन्य माध्यमों से प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। लॉटरी, नौकरी, इनाम या कम समय में पैसा दोगुना करने जैसे लालच देने वाले संदेशों से भी सावधान रहने की जरूरत है। फर्जी पुलिस अधिकारी, बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर आने वाले अनजान कॉल पर व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई।

आम सूचना

शपथ पत्र प्रारुप

मैं बुधराम राजवाड़े आ. शिवचरण राजवाड़े जाति रजवार आयु-42 वर्ष निवास विशुनपुर तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. एतदवार मैं पूर्णतः पष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ:-

1- मैं विशुनपुर तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ।

2- मेरा पुराना नाम बुध्दराम है और मैं अपना नाम बदलकर बुधराम राजवाड़े (नया नाम) करवाना चाहता हूँ।

3- मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

4- मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानून काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

5- मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

हस्ता. शपथकर्ता

सत्यापन

मैं बुधराम राजवाड़े सत्यापन करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्र. -1 से लगायत -5 तक के कथन सत्य व सही है। आज दिनांक 30.09.2026 को बैकुंठपुर मे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

हस्ता. शपथकर्ता

आम सूचना

मैं सीमा आ. धनीराम आयु 22 वर्ष जाति गोंड़ निवासी ग्राम मुक्तियारपारा नागपुर तह. मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्नांकित कथन करती हूँ।

01/- यह कि मैं ग्राम मुक्तियारपारा नागपुर तह. मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छ.ग. की निवासी हूँ।

02/- यह कि मेरा पुराना नाम सीमा / SIMA है और मैं अपना नाम बदलकर नया नाम, सीमा सिंह / SEEMA SINGH करवाना चाहती हूँ।

03/- यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय मे कोई भी प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक मे ऋण की राशि शेष है।

04/- यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए मै पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

05/- यह कि मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशोहवाश मे रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

सत्यापन

मैं सीमा आ. धनीराम यह सत्यापन करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 01 एवं 05 के कथन सत्य एवं सही है। आज दिनांक 30/09/2026 को स्थान बैकुन्ठपुर में सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर की।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

बैकुण्ठपुर। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति समाज में सम्मानजनक वातावरण के निर्माण, उनकी समस्याओं के निराकरण तथा उनके अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 01 अक्टूबर को जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न विभागों के समन्वय से जनजागरूकता एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 01 अक्टूबर को बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

न्यायालय: अपर सत्र न्यायाधीश, बैकुण्ठपुर, कोरिया, छत्तीसगढ़

ज्ञापन

प्रोसेस क्रमांक- 347/2026
आदेश दिनाँक- 26.09.2026
पेशी दिनाँक- 07.10.2026

दावा वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा एवं स्वत्व घोषणार्थ
क्रमांक- 013अ/2021

1. प्रीति सिंह पति चन्द्रशेखर सिंह उम्र 27 वर्ष 2. कु. संजीवनी सिंह पिता चंद्रशेखर सिंह उम्र 13 वर्ष, मां वली प्रति सिंह 3. कु. अमृत सिंह पिता चद्रशेखर सिंह उम्र 07 वर्ष मां वली प्रीति सिंह सभी निवासी आशाधाम मार्ग-1 बहतराई रोड सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ..वादी

प्रति,

1. चंद्रशेखर सिंह पिता स्व. भोला प्रसाद सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी-स्कूल पारा वार्ड नं.-5 बैकुण्ठपुर तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. 2. छ.ग. शासन 3. सुभा सिंह आ. स्व. भोला सिंह पति संजय तिवारी आयु 45 वर्ष 4. विभा सिंह आ. स्व. भोला सिंह आयु 43 वर्ष प्रतिवादी क्रमांक 03 व 4 निवासी बैकुण्ठपुर (प्रेमाबाग शकुन्तला कन्या हाई स्कूल के पास) तहसील, थाना व पो. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर... प्रतिवादीगण

बनाम :-

वादी प्रीति सिंह के द्वारा इस न्यायालय में व्यवहार वाद दावा वास्ते स्वत्व घोषणार्थ एवं कब्जा पुष्टी पट्टा निरस्त किए जाने बाबत पेश किया गया है जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनाँक 07.10.2026 को की जानी है। उक्त व्यवहार वाद में वादी द्वारा 04. विभा सिंह आ. स्व. भोला सिंह उम्र 43 वर्ष पेशा गृहस्थी निवासी बैकुण्ठपुर (प्रेमाबाग शकुन्तला कन्या हाई स्कूल के पास) तहसील, थाना व पो. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर को पक्षकार बनाया गया है जिसमें प्रतिवादी क्रमांक 04 श्रीमती विभा सिंह निवासी प्रेमाबगा शकुन्तला कन्या हाई स्कूल के पास, तहसील थाना व पोस्ट बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. वर्तमान पता एम.पी. नगर सालीमार स्टरलीग भोपाल मध्यप्रदेश की उपस्थिति हेतु नियत है।

आप दिनांक 07.10.2026 को पेशी तारीख को उपस्थित रहना सुनिश्चित करें अनुपस्थित रहने की दशा में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यह आज तारीख 28.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगकर दी गई।

समीर कुजुर
जिला न्यायाधीश
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

न्यायालय: श्रीमान व्यवहार न्यायधीश वर्ग 02, चिरमिरी जिला-कोरिया (छत्तीसगढ़)

व्य. वाद प्रकरण क्र... दिनांक- 18/09/26

शिवकुमारी पिता रामराज उम्र करीब 55 वर्ष जाति-राजभर निवासी-एंखा दफाई, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, थाना-चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) -वादी

प्रति

1- श्रीमान मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र, मालवीय नगर पो.-वेस्ट चिरमिरी, तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) 2- श्रीमान उपक्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय, एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र, एन.सी.पी.एच. कालरी पो.-हल्दीबाड़ी, तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) 3- श्रीमान क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त महोदय, सी.एम.पी.एफ. कार्यालय, सीपत रोड, बिलासपुर जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) 4- सर्वसाधारण - प्रतिवादीगण

ईश्तहार

वादी के द्वारा प्रतिवादीगण क्र. 01 के अधीनस्त कार्यालय एन.सी.पी.एच. कालरी में कार्यरत है, वादी का एनईआईएस नं. 92492957 है, वादी के दस्तावेज जिसमे वादी का नाम अंग्रेजी में SHIV KUMARI D/O LATE RAMRAJ दर्ज है, तथा वादी के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे भी वादी का अंग्रेजी मे नाम SHIV KUMARI D/O LATE RAMRAJ दर्ज है। वादी को अनावेदकगण के कार्यालय से अंग्रेजी मे जारी IDENTITY CARD (परिचय पत्र) मे वादी का नाम अंग्रेजी में SHIV KUMARI D/O LATE RAMRAJ दर्ज है तथा अनावेदक क्र. 01 के अधिनस्त अनावेदक क्र. 02 के द्वारा हिन्दी मे जारी कार्यालय आदेश पत्र क्र. एसईसीएल/ एनसीपीएच /नियुक्ति/9838-3 दिनांक 26.12.1990 मे वादी का नाम शिव कुमारी आत्मजा रामराज अंकित है जो कि सही है। वादी के कालरी के अभिलेख मे वादी का नाम हिन्दी मे शिव कुमारी पुत्री स्व. रामराज दर्ज है जो कि सही है, जबकि अंग्रेजी में कालरी के अभिलेख सेवा पुस्तिका (सर्विस शीट) मे SEOKUMARI एवं फार्म "बी" मे SEO KUMARI दर्ज है, जो कि गलत है। अंग्रेजी मे वादी का सही नाम SHIV KUMARI D/O LATE RAMRAJ है, जो कि वादी के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे अंकित है। वादी ने अनावेदक क्र. 01 के अधिनस्त 02 के कार्यालय मे अंग्रेजी में कालरी के अभिलेख सेवा पुस्तिका (सर्विस शीट) मे SEOKUMARI एवं फार्म "बी" मे SEO KUMARI दर्ज है, जो कि गलत है के स्थान पर अंग्रेजी में सही नाम SHIV KUMARI D/O LATE RAMRAJ दर्ज करने (अंग्रेजी मे नाम सुधार) के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत है। अतः इस ईश्तहार के जरिए आमजनों को सूचित किया जाता है कि वादी के नाम सुधार के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो पेशी दिनांक 05/10/2026 को अथवा इसके पूर्व अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे समस्त तथ्यों की जानकारी हो के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आप की अनुपस्थिति मे नियमानुसार आवेदक के पक्ष मे दावा वास्ते स्वत्व घोषणा के आवेदन पत्र को निराकृत कर दिया जायेगा। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तब आगामी सुनवाई तिथि को प्रकरण लिया जायेगा। अतः आज दिनांक 18/09/2026 को इस न्यायालय की सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

स्थान- चिरमिरी दिनांक- 18/09/2026

व्यवहार न्यायधीश वर्ग 02
चिरमिरी जिला-कोरिया (छ.ग.)

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

जीवन शुभ हो
माननीय स्वास्थ्य मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
रतनपुर की माटी से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री तक श्याम बिहारी जायसवाल का सफर....
जन्मदिन पर विशेष

अविभाजित कोरिया जिले के ग्राम रतनपुर का ग्रामीण परिवेश, किसान परिवार की पृष्ठभूमि और खेत-खलिहानों के बीच बीता बचपन। यहीं से शुरू होती है श्याम बिहारी जायसवाल के जीवन की कहानी। 1 अक्टूबर 1976 को जन्मे जायसवाल 1 अक्टूबर 2026 को 50 वर्ष पूरे कर रहे हैं। इन पांच दशकों में उनका सफर गांव की प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा और स्थानीय निकाय की राजनीति से छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री पद तक पहुंचा है। उपलब्ध जीवन परिचय के अनुसार श्याम बिहारी जायसवाल का जन्म सामान्य किसान परिवार में स्व. सूरजदीन जायसवाल और श्रीमती चंद्रवती जायसवाल के यहां हुआ। प्रारंभिक शिक्षा रतनपुर में हुई। आगे की पढ़ाई के लिए वे खड़गवां और फिर उच्च शिक्षा के लिए चिरमिरी पहुंचे। उन्होंने दादू लाहिड़ी महाविद्यालय से रसायन शास्त्र में एमएससी की पढ़ाई की। ग्रामीण परिवेश और खेती-किसानी से उनका जुड़ाव उनके शुरूआती जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। श्री जायसवाल की जीवन यात्रा का शुरूआती दौर ग्रामीण परिवेश से जुड़ा रहा। उपलब्ध परिचय में उनके बचपन को खेती-किसानी और शिक्षा के बीच आगे बढ़ने वाले दौर के रूप में वर्णित किया गया है। पिता के साथ खेती से जुड़ाव के बीच उन्होंने प्राथमिक शिक्षा पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए गांव से बाहर निकले। रतनपुर से खड़गवां और फिर चिरमिरी तक पहुंची शिक्षा की यह यात्रा आगे चलकर उनके सार्वजनिक जीवन की पृष्ठभूमि बनी। चिरमिरी में उच्च शिक्षा के दौरान उन्होंने रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर शिक्षा पूरी की। उपलब्ध सामग्री में उन्हें इस दौरान गोल्ड मेडल मिलने का भी उल्लेख है।

2009 में स्थानीय चुनाव से राजनीति की शुरूआत

उनके राजनीतिक सफर की शुरूआत वर्ष 2009 से बताई गई है। इसी वर्ष उन्होंने जनपद सदस्य का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद 2009 से 2013 तक जनपद पंचायत खड़गवां के उपाध्यक्ष रहे। यही दौर स्थानीय राजनीति से विधानसभा की राजनीति की ओर बढ़ने का आधार बना। वर्ष 2013 में वे मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने और 2018 तक विधानसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें फिर मनेन्द्रगढ़ से प्रत्याशी बनाया। चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक उन्होंने 48,503 मत प्राप्त किए और 11,880 मतों के अंतर से चुनाव जीता। दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री बनाया गया। राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग के 2026 के आधिकारिक प्रकाशनों में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री के रूप में दर्ज किया गया है।

संगठन में भी निभाए अलग-अलग दायित्व

चुनावी राजनीति के साथ जायसवाल भाजपा संगठन में भी सक्रिय रहे। उपलब्ध परिचय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और कोरबा जिला संगठन प्रभारी सहित विभिन्न दायित्वों का उल्लेख है। वर्ष 2020 से 2022 के बीच भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाने का भी उल्लेख किया गया है। स्रोत सामग्री के मुताबिक बिहार, असम और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के साथ मरवाही एवं खैरागढ़ उपचुनाव में भी उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियां दी गईं। इन चुनावी जिम्मेदारियों का विस्तृत स्वतंत्र आधिकारिक सत्यापन उपलब्ध सामग्री में संलग्न नहीं है, इसलिए इन्हें उपलब्ध जीवन परिचय के विवरण के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री के रूप में स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस

दूसरे विधायक कार्यकाल में राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग उनकी प्रमुख प्रशासनिक जिम्मेदारियों में आया। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के आधिकारिक प्रकाशनों में अस्पतालों के निरीक्षण, चिकित्सकों की नियुक्ति, स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण और मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाओं से जुड़े उनके विभागीय कार्य दर्ज हैं। उनके क्षेत्र से उपलब्ध सामग्री में चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ में स्वास्थ्य अधोसंरचना विस्तार का भी उल्लेख है। इसमें अस्पताल भवन, ट्रामा सेंटर, जांच सुविधाएं, डायलिसिस यूनिट, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति तथा अन्य चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित कार्यों का विवरण दिया गया है। सेवा संकल्प के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को गांवों तक पहुंचाने की पहल उनसे जुड़ी हाल की पहलों में सेवा संकल्प अभियान का भी उल्लेख प्रमुखता से किया गया है। उपलब्ध विवरण के अनुसार इसकी शुरूआत खड़गवां क्षेत्र से हुई और विभिन्न चरणों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जांच, दवा वितरण तथा गंभीर बीमारियों की पहचान जैसी गतिविधियां संचालित की गईं।

किसान परिवार की पृष्ठभूमि आज भी पहचान का हिस्सा

श्याम बिहारी जायसवाल की सार्वजनिक छवि में उनकी ग्रामीण और किसान पारिवारिक पृष्ठभूमि का उल्लेख लगातार मिलता है। उपलब्ध जीवन परिचय में बचपन से खेती-किसानी के काम को करीब से देखने और ग्रामीण जीवन से जुड़े रहने का विस्तृत वर्णन है। उनकी राजनीतिक यात्रा का कालक्रम भी स्थानीय निकाय से प्रदेश स्तर तक क्रमशः आगे बढ़ता दिखाई देता है, 2009 में जनपद की राजनीति, 2013 में पहली बार विधानसभा, संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां, 2023 में दूसरी बार विधायक और इसके बाद राज्य मंत्रिमंडल में प्रवेश।



राम प्रताप गुप्ता
जिला अध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी
किसान मोर्चा जिला-एमसीबी



विरेन्द्र सिंह करियाम
उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत खड़गवां
जिला-एमसीबी



एक नजर में श्याम बिहारी जायसवाल

जन्म	: 1 अक्टूबर 1976
जन्मस्थान	: ग्राम पंचायत रतनपुर
पारिवारिक पृष्ठभूमि	: किसान परिवार
प्रारंभिक शिक्षा	: रतनपुर
आगे की शिक्षा	: खड़गवां एवं चिरमिरी
उच्च शिक्षा	: एमएससी, रसायन शास्त्र
राजनीतिक सफर की शुरूआत	: 2009 में स्थानीय निकाय चुनाव
जनपद पंचायत खड़गवां	: 2009-13 के दौरान उपाध्यक्ष
पहली बार विधायक	: 2013, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा
दूसरी बार विधायक	: 2023, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा
2023 चुनाव	: 48,503 मत, जीत का अंतर 11,880 मत
संगठनात्मक भूमिका	: उपलब्ध परिचय के अनुसार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, कोरबा जिला संगठन प्रभारी तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा
वर्तमान प्रमुख भूमिका	: छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री

आज 1 अक्टूबर 2026 को जीवन के 50 वर्ष पूरे करने के अवसर पर उनकी यह यात्रा रतनपुर के ग्रामीण परिवेश से शुरू होकर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े मंत्री पद तक पहुंचने वाले सार्वजनिक जीवन का एक लंबा कालखंड समेटती है।



ये प्रेम मोल लिया का गाना 'जय अंबे बोल' रिलीज

मुंबई। इस नवरात्रि पर सिंगर हिमेश रेशमिया एक नया गरबा सॉन्ग लेकर आए हैं। सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना दर्शकों का दिल जीत रहा है। त्योहारों के मौसम से पहले रिलीज किया गया यह गाना हिमेश के म्यूजिक कॅरियर का पहला गरबा गाना है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया 'जय अंबे बोल' गाना गरबा सेलिब्रेशन के उत्साह बढ़ाता नजर आ रहा है। गाने को श्रेया घोषाल और हिमेश रेशमिया ने आवाज दी है। मयूर पुरी की कलम से निकले इस गाने को हिमेश ने अपना म्यूजिक देकर खास बना दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'ये प्रेम मोल लिया' का यह गाना टाइटल ट्रैक के रिलीज होने के बाद आया है।

लाइफ Style

ऐश्वर्या

ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और ईवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं। उन्होंने डिजाइनर यारा शूमेकर का बनाया हुआ शानदार ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया।



हॉलीवुड मसाला



स्पाइडर-मैन ब्रांड... फिर लौटेगी

नई दिल्ली। इस साल भारतीय सिनेमाघरों में अगर किसी हॉलीवुड फिल्म का बोलबला देखने को मिला था, तो वह स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे रही। टॉम हॉलैंड स्टारर इस सुपरहीरो फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से भारतीय दर्शकों का दिल जीता। अब खबर आ रही है कि मेकर्स स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को री-रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। जिसे आने वाले 18 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यही कारण है कि मेकर्स ने ये योजना बनाई है कि वह एवेंजर्स डूम्सडे की रिलीज से पहले स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को दोबारा से बड़े पर्दे पर पेश करेंगे।



दुनियाभर में स्ट्रीम होगा शकीरा का कॉन्सर्ट...

लॉस एंजिल्स। पॉप स्टार शकीरा इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह इन दिनों अपने 'लास मुजेरेस या नो लोरान वर्ल्ड टूर' पर हैं। इस टूर के तहत सिंगर तीन अक्तूबर को मैड्रिड में होने वाले अपने कॉन्सर्ट को दुनिया भर में लाइव-स्ट्रीम करेंगी। यह पहली बार होगा जब शकीरा का पूरा कॉन्सर्ट इस तरह से दुनियाभर में दिखाया जाएगा। भारत के फैंस भी इस कॉन्सर्ट का आनंद ले सकेंगे। भारत में मौजूद फैंस देर रात सिंगर की लाइव परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। यह कॉन्सर्ट 4 अक्टूबर को रात 12:15 बजे अमेजन म्यूजिक इंडिया ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और ट्विच पर अमेजन म्यूजिक चैनल पर स्ट्रीम होगा। इसके लिए किसी पेड सब्सक्रिप्शन की जरूरत नहीं है। मैड्रिड शो शकीरा के बहुत बड़े वर्ल्ड टूर के आखिरी पड़ावों में से एक है।



अब 'पायर' सिनेमाघरों में देगी दस्तक

नई दिल्ली। उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायर' 23 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है।



दृश्यम-3 के साथ रिलीज होगी प्रेम कीटाणु

मुंबई। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और इस मौके पर सिनेमाघरों में 2 फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस लंबे वीकेंड पर एक तरफ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'दृश्यम 3' रिलीज हो रही है, तो दूसरी ओर 'प्रेम कीटाणु' जैसी हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। दोनों फिल्मों का जॉनर और टारगेट ऑडियंस काफी अलग है, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इनकी टक्कर देखना दिलचस्प होगा। फिल्म में एक बार फिर सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और विजय की नई चाल देखने को मिलेगी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'दृश्यम 3' के बिल्कुल उलट 'प्रेम कीटाणु' दर्शकों को हल्का-फुल्का और रोमांटिक मनोरंजन देने वाली है।

टीवी मसाला



खतरों के खिलाड़ी 15 : ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगे टॉप 5 कंटेस्टेंट्स

नई दिल्ली। 'खतरों के खिलाड़ी 15' के ग्रैंड फिनाले की तारीख का ऐलान हो गया है। शो के सेमी फिनाले के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने बताया कि शो अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, जहां टॉप 5 कंटेस्टेंट ट्रॉफी जीतने के लिए मुश्किल स्टंट्स में एक-दूसरे का मुकाबला करेंगे। फाइनलिस्ट्स को इस सीजन के कुछ सबसे मुश्किल टास्क का सामना करना होगा, जिससे उनके साहस, ताकत और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। फिनाले 3 और 4 अक्टूबर को रात 9 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इस सीजन की शुरुआत 'ओल्ड वर्सेस न्यू' थीम के साथ हुई थी। इस हफ्ते सेमी फाइनल हुआ और शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। फिनाले से कुछ दिन पहले ही रुहानिका धवन का सफर खत्म हो गया। वहीं अविनाश मिश्रा 'खतरों के खिलाड़ी 15' के पहले फाइनलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने टॉप 5 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अविनाश ने एक वॉटर स्टंट में करण वाही का मुकाबला किया और उसे जीतकर सीधे फिनाले के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उन्हें फाइनल स्टंट से ठीक पहले वाला स्टंट करने का मौका मिलेगा। रोहित शेट्टी ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 5 से बतौर होस्ट इसकी शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक शो के होस्ट बने हुए हैं। बीच में सीजन 7 को छोड़कर उन्होंने सीजन 8 से लेकर अब तक लगातार इस शो की कमान संभाली है।

राशन टास्क में कनिका-काजी की भिड़ंत

नई दिल्ली। बिग बॉस के सीजन 20 ने अब अपनी रफ्तार पकड़ ली है। काजी तौकीर के फैंडम और सलमान खान के वीकेंड का वार ने शो को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। इस बीच घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर भी जारी है। इस रिएलिटी शो में अक्सर देखा जाता है कि कंटेस्टेंट को ऐसा टास्क दे दिया जाता है, जिसमें कंटेस्टेंट का भिड़ना लाजिमी हो जाता है। इस बार राशन टास्क में भी कुछ वही देखने को मिलने वाला है। राशन टास्क के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिसमें कनिका मान और काजी तौकीर एक दूसरे से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। जियोहॉटस्टार ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर बिग बॉस 20 के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है। 30 सेकेंड के इस प्रोमो में दिखाया गया है कि कैसे घरवाले राशन टास्क में राशन इकट्ठा करने की जद्दोजेहद कर रहे हैं। प्रोमो में बिग बॉस घरवालों से कहते हैं, 'घरवालों आस-पास है आपके वीकली राशन के कुछ आइटम्स. जो भी आइटम्स कार्य के अंत में डिलिवर्ड होंगे, वो राशन में से कट हो जाएंगे।'



शांतनु को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

मुंबई। मध्य प्रदेश सरकार ने सोमवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। बता दें कि यह पुरस्कार इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। इंदौर लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। यह कार्यक्रम उनकी 97वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। मोहन यादव ने शांतनु मोइत्रा के भारतीय संगीत में योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा ने अपनी प्रतिभा से देश के संगीत जगत को समृद्ध किया है। वहीं, संगीतकार मोइत्रा ने सम्मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर के नाम पर उनकी जन्मस्थली में और उनकी जयंती के दिन पुरस्कार मिलना उनके लिए भावुक और गर्व का पल है। शांतनु मोइत्रा भारतीय सिनेमा के प्रमुख संगीतकार और बैकग्राउंड स्कोर कम्पोजर हैं। 'परिणीता', 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'लगे रहो मुन्नाभाई', '3 इडियट्स', 'मद्रास कैफे', 'पीकू', 'अक्टूबर' और '12वीं फेल' जैसी फिल्मों में उनके संगीत को पहचान मिली। वर्ष 2014 में तेलुगु फिल्म 'ना बंगारू तल्ली' के लिए शांतनु को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने 1984 में की थी। यह पुरस्कार हर साल हल्के संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। अब तक नौशाद, किशोर कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान, अनु मलिक, उदित नारायण और आशा भोसले समेत कई प्रसिद्ध कलाकारों को यह पुरस्कार मिल चुका है।



गांव की 'काली खेती' में दबे हुए राज दहलाएंगे दिल

नई दिल्ली। अक्टूबर के महीने में कई नई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक फिल्म हॉरर थ्रिलर है जो गांव की सुपरनैचुरल कहानी को पर्दे पर दिखाएगी। हाल ही में, मेकर्स ने नई हॉरर फिल्म का ऐलान किया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म है 'काली खेती'। जैकी श्रॉफ ने 29 सितंबर को अपनी नई फिल्म 'काली खेती' का ऐलान किया है। यह एक सुपरनैचुरल रूरल थ्रिलर है। इसका पहला मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है। दिल दहलाने वाले पोस्टर में अंधेरी रात, लालटेन और राक्षस दिखाया गया है। पोस्टर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी रोंगटे खड़े करता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जैकी श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, 'रोशनी बुझने न देना, खेती जागने वाली है।' साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट का नाम भी रिवील कर दिया गया है। फिल्म में जैकी और शरद के अलावा 'मिर्जापुर' की एक्ट्रेस नेहा सरगम भी अहम भूमिका में हैं। हारिस इम्तियाज खान के निर्देशन में बन रही 'काली खेती' की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। ब्लैककैनवस स्टूडियो के बैनर तले सना खान फिल्म का निर्माण कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर का होगा जबरदस्त धमाका

अक्टूबर में थिएटर में आएगा इन साउथ फिल्मों का तूफान

नई दिल्ली। अक्टूबर 2026 की शुरुआत होने वाली है। उए महीना शानदार फिल्मों से भरा होने वाला है। अगर साउथ सिनेमा की बात करें तो इस महीने में एक या दो नहीं, बल्कि 11 जबरदस्त फिल्में थिएटर पर दस्तक देंगी। मलयालम तमिल और तेलुगू फिल्मों का धमाका होने वाला है। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और जबरदस्त थ्रिलर इन फिल्मों में देखने के लिए मिलने वाला है।

बस्था : बस्था नाम की एक तमिल फिल्म थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक एक्शन ड्रामा-थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में विजय सेतुपति और बालाजी थारानीथण अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 1 अक्टूबर गुरुवार को थिएटर में दस्तक देगी।

येझू कदाल येझू मलाई : येझू कदाल येझू मलाई नाम की एक और तमिल फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी दो अनजान शख्स की जर्नी की है। इस फिल्म में निविन पॉली, सूरी ने काम किया है। फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

सिग्मा : सिग्मा नाम मी एक तमिल फिल्म आ रही है। ये जबरदस्त एक्शन से भरी एक एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें संदीप किशन लीड रोल में दिखेंगे। इसका डायरेक्शन जेसन संजय ने किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

डोंट ट्रबल द ट्रबल : डोंट ट्रबल द ट्रबल एक तेलुगू फिल्म है जिसमें फहद फासिल लीड रोल में दिखेंगेहैं। फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी और एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 2 अक्टूबर को थिएटर में होगा धमाका।



अंबिल अवान : अंबिल अवान एक नवविवाहिता जोड़े की कहानी है। दोनों एक मुसीबत में फंस जाते हैं। फिल्म में एक्शन और रोमांस भर भर के देखने को मिलने वाला है। इस फलम में अशोक सेल्वन और प्रीति मुकुंदन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

बेल : फिल्म बेल एक पुलिस ऑफिस की कहानी है जो मिलनसार होता है। लेकिन एक घटना उसका पूरा जीवन बदल देती है। इस फिल्म में संजना आनंद, गोपालकृष्ण देशपांडे और रमेश इंदिरा जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर।

आदर्श कुटुम्बम : आदर्श कुटुम्बम हाउस नंबर 47 नाम की फिल्म में एक्टर वेंकटेश ने लीड रोल निभाया है। इस तेलुगू फिल्म की कहानी हाउस नंबर 47 में रहने वाले एक परिवार की है। फिल्म एक्शन और क्राइम से भरी हुई है। इस फिल्म को आप 9 अक्टूबर को थिएटर में देख सकते हैं।

विश्वंभरा : विश्वंभरा नाम की एक फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी एक पौराणिक कथाओं पर आधारित है। फलम में देवी देवताओं , राजकुमार और परलोक की दुनिया को दिखाया गया है। ये फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में आशिका रंगनाथ, चिरंजीवी, मौनी रॉय लीड रोल में दिखेंगी।

राणाबली : विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद साथ में पहली फिल्म राणाबली रिलीज हो रही है। ये फिल्म 1870 के दशक के एक योद्धा की कहानी है जिसने ब्रिटिश के लोगों से टक्कर ली थी। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

अप्पा कुट्टी : अप्पा कुट्टी नाम की एक तमिल फिल्म आने वाली है। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है जो एक्शन और से भरपूर है। अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए एक पिता क्या कदम उठता है ये उस बारे में हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में विजय एंटोनी और प्रीति असरानी हैं।

टाइटन्स : टाइटन्स नाम की एक मलयालम फिल्म इस अक्टूबर, 2026 में दस्तक देने वाली है। फिल्म के नाम और पोस्टर से तो ये एक एक्शन फिल्म लग रही है। लेकिन असल में ये एक फैंटसी कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जयसूर्या, विनायाकन दिखेंगे। ये फिल्म 22 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।



समर्पित कार्यकर्ता, निपुण संगठनकर्ता,
सरल व्यक्तित्व प्रेरणास्त्रोत, युवाओं के आदर्श, बुजुर्गों के लाडले,
हर वर्ग की साथ लेकर चलने वाले,
मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के लाडले व लोकप्रिय विधायक
एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के

माननीय स्वास्थ्य मंत्री

श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी

को जन्मदिन की

हार्दिक शुभकामनाएं

1 अक्टूबर

शुभेच्छु : समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा